वर्ग-5 **विषय -हिंदी लिटरेचर** **दिनांक-04/05/2020**

पाठ- प्रभुवर,तव अनंत उपकार

1. इस प्रार्थना (कविता) में ईश्वर द्वारा मिले उपकारों का वर्णन किया गया है।

प्रभुवर आपका अनंत उपकार आपने हमें मानव शरीर (तन) देकर सभी प्राणियों में श्रेष्ठ बनाया है। आपने सूरज चाँद बनाकर धरती को सजाया है। तरह-तरह के भोज्य पदार्थ (भोजन) देकर आपने हमारा उपकार किया है। आप ही हमारे जीवन के आधार हैं। हमारी प्यास दूर करने के लिए आपने नदियों तथा झरनों का सृजन किया है। खुशबूदार वायु बहाकर हमें जीने की ताकत देते हैं। प्रभुवर आपका उपकार कितना अच्छा है और अतंहीन है।

***पाठ में दिए गए सारे प्रश्नों के उत्तर (1 – 4) तक अपनी कॉपी का पर लिखें-**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

१. **कौन सबसे श्रेष्ठ है**?

उत्तर) मनुष्य सबसे श्रेष्ठ है।

२. **सूरज - चांद किसने बनाए हैं?**

उत्तर) सूरज- चांद ईश्वर ने बनाए हैं।

३. **जीवन का आधार कौन है?**

उत्तर) ईश्वर जीवन का आधार है।

४. **ईश्वर कैसे वायु बहता है?**

उत्तर) ईश्वर सुरभीत (खुशबूदार) वायु बहाता है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए-

1. मानव अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ कैसे है ?

उत्तर) मनुष्य अपनी सोचने और समझने की शक्ति के कारण अन्य प्राणियों से श्रेष्ठ है।

2. नदियों से हमें क्या - क्या लाभ है?

उत्तर) नदियों के लाभ-

क) उपज के लिए।

ख) उधोगिक कामों के लिए।

ग) प्रतिदिन के अनेक कामों के लिए।

3. यदि वायु न होती तो क्या होता ?

उत्तर) यदि वायु न होती तो मनुष्य तथा अन्य प्राणी नष्ट हो जाती।

4. ईश्वर के कोई तीन उपकार लिखें।

उत्तर) ईश्वर के तीन उपकार-

क) ईश्वर ने हमें मानव रूप दिया है।

ख) ईश्वर ने सूरज ,चांद ,नदियाँ और झरने बनाए हैं।

ग) पृथ्वी पर रहने की पूरी आजादी दी है।

3. कविता का केंद्रीय भाव तीन- चार पंक्तियों में लिखिए –

उत्तर) कविता के केंद्रीय भाव- ईश्वर ने मनुष्य जाति को सभी प्राणियों में श्रेष्ठ बनाया है।उन्हें जीवन प्रदान करने के लिए आवश्यक चीजों का भी सृजन किया है जैसे - भोजन, हवा, पानी, सूरज और चांद आदि।

4. पंक्ति के सही अर्थ के सामने 'सही' का चिन्ह लगाए-

1. सबसे उत्तम हमें किया है ।

   ख) हमें सर्वश्रेष्ठ बनाया है।

2. प्राणशक्ति दे हमें बढ़ाते।

   ग) ईश्वर जीने की ताकत देता है।

***(भाषा सीखें -पृष्ठ संख्या 8-9)अभ्यास बच्चे पुस्तक में ही करेंगे।**

5. वर्ण-विच्छेद कीजिए-

1. उत्तम- उ + त् + त् + अ+ म् + अ
2. भोज्य- भ् + ओ + ज् + य् + अ
3. वायु - व् + आ + य् + उ
4. उपहार – उ + प् + अ + ह् + आ + र् + अ
5. नदी - न् + अ + द् + ई

<u>**गृह कार्य**</u>

1. 'प्रभुवर,तव अनंत उपकार' कविता को सुंदर अक्षरों में लिखकर याद कीजिए।
2. कविता के अंत में दिए गए शब्दार्थ को लिखिए और याद कीजिए ।
3. वाक्य बनाओ-
   क) प्राणशक्ति
   ख) श्रेष्ठ
   ग) उपहार
4. वर्ण विच्छेद कीजिए-
   क) मानव
   ख) सूरज
   ग) जीवन

-----******--------